कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)



# मासिक पत्रिका

# माह—जनवरी

# 2017

# कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)



# टेंचिंग ग्राउंड की सफाई कर मनाया गया नया साल

**0 सुबह से दोपहर तक चला सफाई अभियान**

**रायगढ़ः—**

निगम प्रशासन द्वारा सफाई अभियान चला कर नया साल मनाया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय के निर्देशानुसार व मार्गदर्शन में रामपुर टेंचिग ग्राउंड की सफाई कराई गई। आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय ने विशेष सफाई अभियान के निर्देश दिए थे। इसे देखते हुए स्वास्थ्य व वाहन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में सफाई अभियान शुरू हुआ। रामपुर टेंचिंग ग्राउंड में चार जेसीबी, डंफर व ट्रेक्टर लगाया गया था।

सुबह करीब 10 बजे टेंचिंग ग्राउंड की सफाई शुरू हुई, जो दोपहर तक चली। सड़क के किनारे टंपिंग कचरे को उठवा कर दूसरे छोर में डंपिंग किया गया। आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय ने कहा कि सफाई अभियान से नए साल का आगाज निगम प्रशासन द्वारा किया गया है। इससे शहर को स्वच्छ व स्वस्थ्य रखने निगम प्रशासन प्रतिबद्ध

है। उन्होंने कहा कि टेंचिंग ग्राउंड सड़क के किनारे के कचरे को दूसरे छोर में एकत्रित करने हर रविवार अभियान चलाया जाएगा। गौरतलब है कि स्वच्छता सर्वेक्षण प्रथम सप्ताह में ही प्रस्तावित है, जिसे देखते हुए निगम प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रही है। इसमें शहर के मुख्य मार्ग चौक–चौराहों की सफाई कर चूने से मार्किंग की जा रही है। इसी तरह कचरा उठाव स्थलों में भी ब्लीचिंग पाउडर व चूने का छिड़काव कराया जा रहा है। शहर के सभी पब्लिक व कम्युनिटी टायलेट को भी साफ रखने के साथ रिपेयरिंग सहित जरूरी संसाधन उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के दौरान विधि अधिकारी श्री सुतीक्षण यादव, कनिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री रामायण पाण्डेय, श्री राजू पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

————————————

**परिसर की भी हुई सफाई**

आयुक्त श्री पाण्डेय के निर्देशन में 31 दिसंबर को निगम कार्यालय व परिसर की सफाई कराई गई। इस दौरान कार्यालय के सभी तल व कमरों सहित गार्डन की सफाई कराई गई। कार्योलय व परिसर की सफाई के लिए विशेष दल की ड्यूटी लगाई गई है।

# कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ छ.ग.

## अतिक्रमण पर हुई जब्ती की कार्रवाई

**0 एक दीवान, एक चौकी, सोफा सेट, तराजू सहित कई सामान किया गया जब्त**

**रायगढ़ः–**

निगम क्षेत्र में सड़कों पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों पर दूसरे दिन जब्ती की कार्रवाई की गई। दर्जन भर दूकानों से दीवान, चौकी, सोफा सेट, तराजू सहित कई सामानों की जब्ती कार्रवाई की गई।



निगम आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय के निर्देशानुसार सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों के पर कार्रवाई दूसरे दिन जारी रही। पहले दिन समझाइश देकर दुकानदारों व ठेला संचालकों को छोड़ दिया गया था, समझाइश के बाद भी अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों पर मंगलवार को जब्ती कार्रवाई की गई।

दोपहर 12 बजे के बाद निगम अतिक्रमण निवारण दस्ता की कार्रवाई शुरू हुई। सबसे जिला अस्पताल के सामने फूटपाथ पर दूकान लगाने वालों के सेड को निकाला गया। इस दौरान निगम अमला द्वारा त्रिपाल व बांस भी जब्त किया गया। इसके बाद केलो नदी हेमू कालानी चौक स्थित सड़क किनारे फूल व पौधे बेचने वालों पर कार्रवाई की गई।

इस दौरान करीब 15 फूल व पौधे जब्त किया गया। इसके बाद हेमू कालोनी के आगे फूटपाथ पर फर्नीचर बेचने वालों पर कार्रवाई की गई। यहां से एक चौकी, एक दीवान, एक सोफ सेट जब्ती की कार्रवाई की गई। इसके बाद चक्रधर नगर स्थित गार्डन के किनारे ठेला गोपचे में दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई की गई। कुछ दुकान बंद थे, जिसका शेड को निकाला गया। इसी तरह गार्डन के किनारे कपड़ा सिलाई मशीन लगाने वालों को हटवाया गया। इसके बाद अमला जेसीबी लेकर रेलवे क्रासिंग के उस पार स्थित मटन मार्केट पहुंचा। यहां आबंटित दुकान से शेड निकाल कर सड़क पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की गई। अतिक्रमण करने वालों के शेड निकलवाया गया। इसी तरह एक अन्य अतिक्रमण करने वाले ठेला संचालक से तराजू जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक जनसंपर्क अधिकारी लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, अतिक्रमण निवारण प्रभारी श्री दिलीप महापात्रे, ललीत दूबे, प्रदीप पटेल, हृदयराम पटेल, तारकेश्वर राव, प्रमोद साहू उपस्थित थे।

———————————————

**हर रोज होगी कार्रवाई**

आयुक्त श्री पाण्डेय के निर्देशन में सड़क पर अतिक्रमण करने वालों पर जब्ती व जुर्माने की कार्रवाई हर रोज होगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होती है। सड़क पर अतिक्रमण को पूरी तरह हटाया जाएगा। इसके लिए अतिक्रमण निवारण दस्ता द्वारा हर रोज कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

## बस स्टैंड में हो नियमित सफाई–महापौर

**0 महापौर व एमआईसी सदस्यों ने किया बस स्टैंड का निरीक्षण**
**0 शौचालय व रैन बसेरा की नियमित सफाई व जरूरी व्यवस्था के दिए निर्देश**

**रायगढ़ः–**

महापौर माननीय मधु बाई व एमआईसी सदस्यों ने केवड़ाबाड़ी स्टैंड का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर व एमआईसी सदस्यों ने बस स्टैंड के दुकान संचालकों से कचरा रखने डस्टबीन के उपयोग करने की अपली करते हुए नियमित साफ–सफाई के निर्देश दिए।

निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी की जा रही है। इसमें निगम के जनप्रतिनिधि भी सहयोग कर रहे हैं। महापौर माननीय मधुबाई सहित एमआईसी सदस्यों ने केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड का निरीक्षण किया। इस दौरान बस स्टैंड के बाहर व अंदर दुकान लगाने वालों को कचरा  रखने के लिए डस्टबीन रखने की गुजारिश की गई। इसी तरह बस स्टैंड परिसर की नियमित सफाई की जानकारी ली गई। इसके बाद सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान यहां गंदगी, सहित पानी की र्प्यापत व्यवस्था, कई सीट पर दरवाजा नहीं होने की शिकायत मिली, जिसपर शौचालय



संचाकल को सफाई कराने, मरम्मत सहित सभी तरह के संसाधन जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान महापौर व एमआईसी सदस्यों ने रैन बसेरा व निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का भी निरीक्षण किया। यहां भी जरूरी व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। महापौर माननीय मधु बाई ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण जल्द ही संभावित है। इसमें दिल्ली की टीम द्वारा निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लेकर मार्किंग की जाएगी। सर्वेक्षण में अच्छे मार्कस लाने निगम प्रशासन पूरी तैयारी में जुटा हुआ है, लेकिन क्षेत्र के लोगों को भी खुले में शौच व आसपास की सफाई के लिए जागरूक होना पड़ेगा। इससे ही निगम को अच्छे अंक मिलेंगे। इस दौरान उन्होंने निगम क्षेत्र वासियों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य पति श्री डालमिया, श्री लक्ष्मी साहू, श्री टंडन, महापौर सचिव श्री पवन चौहान, राहूल सिंह आदि उपस्थित थे।

————————————————

**अच्छे अंक से होगा ज्यादा विकास**

महापौर माननीय मधु बाई ने कहा कि सर्वेक्षण में अच्छे अंक मिलने पर विकास के लिए ज्यादा फंड मिलेगा। इससे शहर का व्यवस्थित विकास होगा और इसका सीधा फायदा यहां के निवासियों को मिलेगा। इसलिए स्वच्छता बनाए रखना निगम क्षेत्र के सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है और सभी को अपनी–अपनी जिम्मेदारी निभानी है।

# कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ छ.ग.

## <u>जल्द होगी बापू नगर वार्ड की समस्या दूर– आयुक्त</u>

### <u>0 आयुक्त ने किया बापूनगर शमशान घाट का निरीक्षण</u>
### <u>0 लोगों ने की सड़क, नाली व शमशान घाट मरम्मत की मांग</u>

**<u>रायगढ़ः–</u>**

निगम आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय ने बुधवार को बापूनगर क्षेत्र व शमशान घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां के लोगों ने नाली, सड़क व शमशान की मरम्मत की मांग की, जिसे जल्द पूरा करने का आश्वासन आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय ने दिया।



निगम आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय को बापूनगर वार्ड में सुविधाओं के अभाव की लगातार शिकायत मिल रही थी। इस पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यहां के निवासी व पार्षद उपस्थित थे। लोगों एवं वार्ड पार्षद ने वार्ड में सड़क व नाली की समस्या बताई। इसी तरह शमशान घाट में सफाई में व मरम्मत की आवश्यकता बताई गई। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वार्ड व शमशान का निरीक्षण के बाद यहां की समस्या को सूचीबद्ध कर आवश्यक कार्रवाई करने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि वार्ड की सभी तरह की समस्याओं को एक–एक का दूर किया जाएगा। सड़क व नाली निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी। इसमें थोड़ा समय लग सकता है, लेकिन मरम्मत कार्य और अन्य सुविधा जल्द शुरू होंगे। इस दौरान वार्ड

की नियमित सफाई की जानकारी ली गई। इसके बाद आयुक्त श्री पाण्डेय ने गर्ल्स कालेज का निरीक्षण किया। कालेज में जरूरी सफाई के निर्देश संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री रामायण पाण्डेय सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

——————————————————

**महिला कर्मचारियों ने किया पुष्पगुच्छ भेंट**

निगम की महिला कर्मचारियों ने आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय व महापौर माननीय मधु बाई को पुष्पगुच्छ भेंट कर नए साल की बधाइयां दी। इस दौरान महिला कर्मचारियों के कार्य और परेशानियों के बारे में भी आयुक्त व महापौर ने जानकारी ली। महिला कर्मचारियों ने लंच करने के लिए महिला कामन रूम बनाने की मांग की, जिसपर जल्द कार्रवाई का आश्वासन आयुक्त व महापौर ने दिए।

# निःशुल्क छः दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



आज दिनांक 04.01.2017 को छ.ग.उद्यमिता विकास केन्द्र रायगढ़ द्वारा आयोजित तथा सिटी मिशन प्रबंधन इकाई, दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय भाहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) रायगढ़ द्वारा प्रायोजित छः दिवसीय निःशुल्क उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम जो दिनांक 29.12.2016 स्थानः–जुटमिल पुलिस चौकी के पीछे अतिथि भवन में समापन किया गया। जिसमें 52 प्रशिक्षाणार्थी शामिल हुए तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छ.ग. उद्यमिता विकास केन्द्र के श्री डी.एन.तिवारी के द्वारा प्रशिक्षार्थियों को माइक्रो लैब सफल उद्यमी के गुण तथा स्व–रोजगार के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा श्री प्रमोद कुमार सराफ (वित्तीय सलाहकार) के द्वारा बैंक से लेन–देन के प्रक्रियाएं तथा बचत करने की प्रक्रियाओं की बारे में जानकारी दी। उसके पश्चात् प्रशिक्षण के अन्त में प्रशिक्षार्थियों में काफी उत्साह देखा गया फीड बैक के माध्यम से यह पता चला कि इस प्रशिक्षण से व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुआ। उसके पश्चात समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री संदीप शुक्ला प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्व्यवससयी सहकारी समिति मर्या. रायगढ़ विशिष्ट अतिथि सुश्री राजलक्ष्मी सिंह सिटी मिशन मैनेजर दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन(एन यु एल एम) श्री एस.एस.रिजवी सामुदायिक संगठक, दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन(एन यु एल एम) रायगढ तथा छ.ग. उद्यमिता विकास केन्द्र रायगढ़ के जिला समन्वयक श्री डी.एन.तिवारी जी तथा सहायक श्री अजीत कुमार चौहान जी समापन समारोह में शामिल हुए। इसके पश्चात् प्रशिक्षार्थियों के द्वारा समापन समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छों से स्वागत किया गया। उसके पश्चात् मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया तथा मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षार्थियों को स्वरोजगार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियॉ एवं मार्गदर्शन दिया गया एवं प्रशिक्षार्थियों के उज्वल भविष्य की शुभ–कामनाएं दी गई।